जल बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : सांसद

नवभारत न्यूज

दतिया, 25 मई। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिलेभर में जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दतिया जिले के नगर भाण्डेर में आयोजित कार्यक्रम में भिण्ड-दतिया संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती संध्या राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जल स्त्रोतों, तालाबों एवं कुओं की साफ-सफाई कर उन्हें संरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

सांसद श्रीमती संध्या राय ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण

अत्यंत आवश्यक है गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित इन गतिविधियों से जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। साथ ही नागरिकों में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी।

कार्यक्रम में जिला समन्यवयक मुनेन्द्र शेजवार, तहसीलदार सुनील भदौरिया, ब्लॉक समन्वयक शैलेन्द्र लिटौरिया सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

पानी का संरक्षण अति आवश्यक है : अग्रवाल

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जिलेभर में जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित सीता सागर पर विशेष सफाई अभियान चलाकर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, कलेक्टर दतिया स्वप्निल वानखड़े तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेंगुला सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान

का मुख्य उद्देश्य पानी की बर्बादी को रोकना, वर्षा के जल को संचित करना ,एवं घटते हुए भूजल स्तर को बढ़ाये जाने के लिए प्रयास करना है। इस अभियान के अंतर्गत हम कुओं, बावड़ीयों, एवं तालाबों को संरक्षित करेंगे यहाँ सफाई अभियान जन प्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं के साथ जन सहयोग से चलायेंगे। उन्होंने कहा कि पानी का संरक्षण अति आवश्यक है। आगामी पीढीयों के भविष्य के लिये यह अति महत्त्वपूर्ण कदम है। हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव जी की यह योजना आने वाले समय में होने वाले जल संकट के निवारण हेतु महत्वपूर्ण साबित होगी । इस अवसर पर जिले के विभिन्न नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कलश यात्राएं निकाली गईं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालकों के विरुद्ध थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही

दो आरोपी गिरफ्तार, 9 मोबाइल, 27 सिम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री जब्त

दतिया, 25 मई। एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 24 मई को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि फिल्टर क्षेत्र स्थित एक मकान में कुछ व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे हैं।सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई।

कार्यवाही के दौरान आरोपी अनुभव शर्मा एवं कप्तान वाल्मीकि कोऑनलाइन सट्टा गतिविधियों में

संलिप्त पाया गया।

पुलिस द्वारा मौके से 9 मोबाइल फोन, विभिन्न कंपनियों के 27 सिम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, एटीएम कार्ड एवं ऑनलाइन लेनदेन से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक सामग्री जप्त की गई। प्रारंभिक जांच में आरोपियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपये के लेनदेन के साथ सट्टा संचालन किया जाना पाया गया है।

उक्त प्रकरण में थाना कोतवाली दतिया में अपराध क्र 281/2026 अंतर्गत धारा 318 (4), 338, 336(3), 340 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता, सार्वजनिक जुआ अधिनियम एवं आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा ऑनलाइन लेनदेन एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है।

दतिया रेलवे के रास्ता बंद करने की तैयारी से भड़के कॉलोनी निवासी

कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

दतिया, 25 मई। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 के पास बसे रामनगर डेरा, पीताम्बरा कॉलोनी, विला कॉलोनी और मिश्रा कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंचे कर कलेक्टर स्वप्रिल वानखड़े को ज्ञापन सौंपकर एकमात्र आवागमन मार्ग बचाने की गुहार लगाई। रहवासियों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन पुराने रास्ते को बंद करने की तैयारी कर रहा है, जिससे करीब एक हजार से अधिक लोगों के सामने आने-जाने का संकट खड़ा हो जाएगा। लोगों ने बताया कि यह रास्ता आजादी से पहले से उपयोग में है और नए रेलवे स्टेशन निर्माण के दौरान रेलवे ने टिकट घर के पास वैकल्पिक मार्ग बनाया था, जिससे वर्तमान में कॉलोनियों और ग्रामीणों की आवाजाही हो रही है।

लोगों का आरोप है कि अब रेलवे विभाग द्वारा उसी मार्ग को बंद करने के लिए मौके पर गिट्टी, रेत और ईंट

एकत्र की जा रही है।

रहवासियों ने चेतावनी दी कि रास्ता बंद होने पर स्कूली बच्चों, किसानों, व्यापारियों और शासकीय कर्मचारियों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी। कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर से रेलवे के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और आमजन के लिए रास्ता सुरक्षित रखने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और रहवासी मौजूद रहे।

बिजुरी कांड की जांच के लिए एसआईटी गठित

शहडोल. शहडोल संभाग के आईजी एन चैत्रा ने बिजुरी कांड की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के आदेश जारी किए हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा नेता अनिल गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन के बाद यह कार्रवाई की गई. गठित एसआईटी का नेतृत्व शहडोल एडीएसपी अभिषेक दीवान करेंगे. एसआईटी में टीआई कोतमा रत्नाम्बर शुक्ला, भालूमाड़ा टीआई उमेश उपाध्याय तथा एएसआई अनूपपुर सरिता लकड़ा को शामिल किया गया है. उल्लेखनीय है कि बिजुरी में 19 मई की रात एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी. इसके बाद 20 मई को उसकी मृत्यु हो गई थी, जबकि 22 मई की रात मामले के मुख्य गवाह एक नाबालिग लड़के का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेल पटरी पर मिला था. लगातार सामने आ रही घटनाओं के कारण बिजुरी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे थे.

कलेक्ट्रेट में बिगड़ी तबियत तो कलेक्टर ने तुरंत पहुंचाई मदद

नवभारत न्यूज

दतिया, 25 मई। सोशल मीडिया पर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े को लगातार फॉलो करने वाला एक युवक उनसे मिलने और फोटो खिंचवाने के लिए उत्तर प्रदेश के चंदौली से विशेष रूप से दतिया पहुंचा, लेकिन कलेक्ट्रेट परिसर में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा। उस समय कलेक्ट्रेट में टीएल बैठक चल रही थी। युवक की हालत बिगड़ते ही कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने तत्काल स्वास्थ्य टीम और प्रशासनिक अमले को सक्रिय करने के निर्देश दिए। बिना समय गंवाए युवक को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया गया, जहां ईसीजी सहित आवश्यक जांच और उपचार किया गया।

डॉक्टरों के अनुसार युवक को

हल्की टैकीप्निया और हृदय संबंधी परेशानी की स्थिति थी, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उसकी हालत स्थिर हो गई और संभावित बड़ा खतरा टल गया। बाद में जानकारी सामने आई कि युवक राजकुमार बच्छी निवासी चंदौली, उत्तर प्रदेश है, जो केवल कलेक्टर श्री वानखड़े से मिलने और उनके साथ फोटो खिंचवाने की इच्छा लेकर दतिया आया था। खास बात यह रही कि जब युवक की तबियत बिगड़ी, तब तक किसी को यह जानकारी नहीं थी कि वह कौन है और किस उद्देश्य से आया है। प्रशासन ने पहले इंसानियत निभाते हुए उसकी जान बचाने को प्राथमिकता दी।

कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेडे बैठक पश्चात युवक से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने युवक के स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने युवक को हौसला देते हुए कहा कि पूरी सरकारी मदद दी जाएगी और युवक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। समय पर मिली सहायता और प्रशासन की तत्परता के चलते युवक अब सुरक्षित और स्वस्थ बताया जा रहा है। युवक ने बताया कि उसकी गर्लफ्रेंड की शर्त पूरी करने के लिए दतिया पहुँचकर कलेक्टर से मिलकर फोटो खिंचवाना रखी थी।

श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली कलश यात्रा

सिर पर सजे कलश लेकर चलीं महिलाएं

बसई, 25 मई। बरधुवॉ हनुमान मंदिर टोरिया पर सात दिवसीय आयोजित श्रीमद भागवत कथा, के तहत सोमवार को भव्य कलश यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। कलश यात्रा रातौली हनुमान से प्रारंभ होकर मातेवाव माता बरधुवा माता मंदिर होते हुए टोरिया हनुमान मंदिर कथा स्थल पर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में 101 कलश रखें गए।

कलश यात्रा कथा स्थल पहुंचने के बाद कथा वाचक पं. श्री हरीराम शास्त्री ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई और श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया इस बीच मुख्य यजमान श्री अपरवल कुशवाहा अमरसिंह कुशवाहा, भानसिंह कुशवाह, गणेशीलाल कुशवाहा के साथ, पं. संतोष तिवारी, प्रदीप तिवारी, भोलू तिवारी, दशरथ नन्ना,कैलाश पाठक, रामनिवास भार्गव, सूरज सिंह राजपूत आदि समस्त श्रदालु मौजूद रहे।

त्यौहारों पर हमेशा भाईचारा कायम रखने की अपील : थाना प्रभारी

नवभारत न्यूज

उनाव, 25 मई। थाना उन्नाव परिसर में थाना प्रभारी यतेंद्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सह उपनिरिक्षक नीरज कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहार गंगा दशहरा एवं ईद उल अजहा पर्व को आपसी भाईचारे और पूर्ण शांति के साथ संपन्न कराना हो।

थाना प्रभारी ने उपस्थित धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं नागरिकों से कहा कि पुलिस और जनता साथ साथ चलकर ही त्योहार को सफल बना सकते हैं। उन्होंने अपील की कि कुर्बानी केवल निर्धारित स्थलों पर ही करें और साफसफाई का विशेष

ध्यान रखें। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ या अफवाह भरी पोस्ट न डाली जाए। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है और गड़बड़ी करने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई होगी।

थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि आगामी त्योहार गंगा दशहरा और ईद उल अजहा पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 या थाना उन्नाव पर तुरंत संपर्क करें।

इस अवसर पर नाथूराम यादव, उस्मान खान, शहीद खान, रफीक खान, गुड्डन खां, आकाश, अभिषेक झां, रोहित यादव, फरदीन खान, अरमान खान एवं गणमान्य जन और समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन, हर बूथ के कार्यकर्ता हुए शामिल

दतिया, 25 मई। दतिया के पटवारी फार्म हाउस में भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा मुख्य रूप से मौजूद रहे। सम्मेलन में दतिया विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने भाजपा की मजबूत संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की विचारधारा पर चलने वाला एक परिवार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी चर्चा हुई।

राजगढ़ चौराहे पर एसडीओपी ने किया जनसंवाद, आमजन से यातायात व्यवस्था के बारे में चर्चा की

नवभारत न्यूज

दतिया, 25 मई। एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत राजगढ़ चौराहे पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दुकानदार, व्यापारी वर्ग एवं आमजन उपस्थित रहे। जनसंवाद के दौरान उपस्थित नागरिकों से क्षेत्र की समस्याओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। आमजन द्वारा मुख्य रूप से यातायात अव्यवस्था तथा एक नाली के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की समस्या से अवगत कराया गया।

उन्होंने असामाजिक तत्वों की गतिविधियों, गुंडागर्दी करने वाले व्यक्तियों, तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, अवैध हूटर बजाने वालों एवं स्टंटबाजी करने वाले युवकों के संबंध में भी आमजन से जानकारी प्राप्त की गई। आमजन से ऐसे तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी द्वारा तत्काल मौके पर स्टॉपर लगवाकर प्रारंभिक कार्रवाई कराई गई। साथ ही, सीएमओ एवं ट्रैफिक विभाग के समन्वय से स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने के आश्वासन दिया गया, जिससे भविष्य में दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

हार-जीत का दांव लगाते 12 जुआरी पकड़े

18 हजार 600 नगद एवं ताश की गड्डी जब्त की

नवभारत न्यूज

दतिया, 25 मई। जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए खलकापुरा क्षेत्र में जुआ फड़ पर दबिश देकर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 18, हजार 600 नगद एवं 52 पत्तों की एक ताश की गड्डी जब्त की गई।

थाना कोतवाली टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खलकापुरा स्थित छोटू उचाड़िया के मकान की टपरिया में कुछ व्यक्ति हार-जीत का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी थाना कोतवाली को अवगत कराया गया तथा एसडीओपी दतिया से विधिवत सर्च वारंट प्राप्त कर पुलिस टीम गठित की गई ।पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां लगभग 14 व्यक्ति गोल घेरा बनाकर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई, जिसमें 12 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि 2 आरोपी अंधेरे एवं मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।

मौके से जुआं खेलते हुए -दीपू जाटव,रवि उचाड़िया अजय उर्फ अंश अहिरवार दीपक गौतम, ब्रजेश अहिरवार, आनंद कुशवाह ,नरेंद्र यादव निवासी मुड़ियन का कुआँ , आकाश साहू, शिवम धौलपुरिया, विशाल विश्वकर्मा, ऋतिक अहिरवार, पंकज वर्मा दतिया को गिरफ्तार किया गया और छोटू उचाड़िया निवासी खलकापुरा दतिया, दीपक साहू निवासी पण्डा की नरिया दतिया मौके से फरार हो गए।

कांग्रेस का संगठनात्मक प्रशिक्षण अभियान

विशेष संवाददाता

भोपाल/सतना, 25 मई. आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सतना में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया. इस प्रशिक्षण शिविर में सतना और मैहर जिले के ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष तथा मंडलम अध्यक्ष शामिल हुए. शिविर में संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने और कार्यकर्ताओं को आगामी राजनीतिक संघर्षों के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया. कांग्रेस नेताओं ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आम जनता के मुद्दों से लगातार जुड़े रहने की आवश्यकता बताई. प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि यह अभियान प्रदेश में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देगा. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा जनसमस्याओं से निरंतर जुड़े रहने का आह्वान किया. पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेंद्र सिंह ने संगठनात्मक अनुभव साझा करते हुए कहा कि पार्टी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी.

त्रिपाठी बने वरिष्ठ नागरिक परिसंघ मप्र के जिला संयोजक

नवभारत न्यूज

दतिया, 25 मई। वरिष्ठ नागरिक परिषद, मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री अशोक तिवारी द्वारा संगठन के संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए रवि दत्त त्रिपाठी निवासीज्ज पकौड़िया महादेव दतियाज्ज को जिला दतिया संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार एवं वरिष्ठ नागरिकों के हितों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए की गई है। परिषद को आशा है कि श्री त्रिपाठी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जिले में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रदेश महामंत्री अशोक तिवारी ने नव नियुक्त जिला संयोजक को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। श्री त्रिपाठी की नियुक्ति होने पर जिले के राम प्रकश तिवारी, देवेन्द्र तिवारी, कुंज बिहारी गोस्वामी, बादाम सिंह यादव, ऋषिकेश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, रामकुमार सोनी, सुधीर कुमार मनीष शर्मा, सनत पुरोहित, कमलेश सोनी, जगमोहन शर्मा, सुनील माठे, अंकित तिवारी, सुरजीत सिंह, बी के पटवा, महेश्वर दयाल खरे आदि लोगो ने बधाई दी।